# कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

**प्रेस नोट**

**दिनांक- 11-05-2025**

**विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 के वाराणसी आगमन/भ्रमण/अवस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई।**

- **पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 महोदय के आगमन/भ्रमण/अवस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग कर दिये गये आवश्यक निर्देश।**
- **प्रमुख स्थानों पर हो पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर लगायी जाये रूफटॉप ड्यूटी।**
- **वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था न हो बाधित, वैकल्पिक मार्गों का हो प्रयोग।**
- **वीआईपी मार्ग पर पड़ने वाली गलियों एवं कट पर भीड़ नियंत्रण हेतु हो रस्सों का प्रयोग।**
- **प्रभारी अधिकारी ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों को करें ब्रीफ, अपने साथ रखें पर्याप्त मात्रा में रस्से, करें लाउड-हेलर का प्रयोग।**

आज दिनांक 11.05.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के जनपद वाराणसी में दिनांक 12.05.2025 को होने वाले आगमन/भ्रमण/अवस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में ड्यूटी में लगे राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं कानून-व्यवस्था) श्री एस0 चन्नप्पा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध श्री राजेश सिंह सहित कमिश्नरेट वाराणसी के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व प्र0नि0/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ब्रीफिंग के दौरान **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 की सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं** के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये।

1. पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थलों/मार्गों पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
2. वीआईपी मूवमेंट के दौरान आमजनमानस की सुविधाओं के दृष्टिगत वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग किया जाये।
3. भीड़ नियंत्रण के लिए मार्ग की गलियों में पुलिसकर्मी रस्से का उपयोग करेंगें।
4. वीआईपी के कार्यक्रम स्थल एवं भ्रमण मार्ग पर ड्रोन सर्वे एवं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।
5. ड्यूटी पर नियुक्त पुलिसकर्मी मोबाइल फोन का तभी प्रयोग करें जब अति आवश्यक हो। मोबाइल चैटिंग व अन्य गतिविधि नहीं करेंगे।
6. संवेदनशील स्थानों पर रूफटॉप ड्यूटी लगायी जाये।
7. ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मचारीगण की उपस्थिति चेक कर मौके पर ही प्रभारी अधिकारी द्वारा ब्रीफ किया जाए।
8. सभी अधिकारी/कर्मचारीगण निर्धारित समय से ड्यूटी पर पहुँचे एवं अपने पास ड्यूटी-कार्ड एवं आई-कार्ड जरूर रखें।
9. मार्ग व्यवस्था में नियुक्त थाना प्रभारी/अधिकारीगण अपने-अपने वाहनों में लाउड हेलर व पी.ए. सिस्टम की व्यवस्था रखेंगें।
10. ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी अच्छे टर्नआउट में सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करें एवं आमजनमानस के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखें।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस आयुक्त,**
**वाराणसी।**